91. वायुकोष्ठिका (ऐल्वियोली) के निम्नलिखित गुणधर्मों में से कौन-सा/से मनुष्यों में श्वसन के दौरान गैसीय विनिमय में सहायक होता है/होते हैं?

I. वायुकोष्ठिका का उपकला अस्तर बहुत पतला होता है।

II. वायुकोष्ठिका भित्ति में प्रत्यास्थ फाइबर विद्यमान होते हैं।

III. वायुकोष्ठिका भित्ति कई रक्त केशिकाओं से घिरी होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल I और II

(b) केवल I और III

(c) केवल III

(d) I, II और III

92. निम्नलिखित में से किस पशु समूह में मदचक्र **नहीं** देखा जाता?

(a) गाय

(b) बंदर

(c) चूहे

(d) बाघ

93. पादपों में निम्नलिखित ऊतकों में से कौन-सा एक आमतौर पर जीवद्रव्यक (प्रोटोप्लास्ट) के बिना होता है और मृत कोशिका माना जाता है?

(a) स्थूलकोणोतक (कोलेन्काइमा)

(b) मृदूतक (पैरेन्काइमा)

(c) दृढ़ोतक

(d) जाइलम मृदूतक

94. शुक्राणुजनन की प्रक्रिया के दौरान अर्धसूत्री विभाजन का पहला विभाजन किस कोशिका में होता है?

(a) शुक्राणुजन

(b) प्राथमिक स्पर्मैटोसाइट

(c) द्वितीयक स्पर्मैटोसाइट

(d) सर्टोली कोशिका

95. कोशिका और इसकी संरचना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. सभी कोशिकाओं में कोशिका भित्ति होती है।

II. सभी कोशिकाओं के अंदर राइबोसोम विद्यमान होते हैं।

III. सभी कोशिकाओं में सुसंगठित केंद्रक होते हैं।

IV. सभी कोशिकाओं में रेखीय DNA अणु विद्यमान होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) II और III

(b) केवल II

(c) II और IV

(d) I और III

96. पादप या फूल का कौन-सा भाग सेब जैसे अवास्तविक फल के रूप में योगदान देता है?

(a) पंखुड़ी

(b) बाह्यदल

(c) पुंकेसर

(d) पुष्पासन (थैलेमस)

97. जीवों के निम्नलिखित भागों में से किसमें श्वसन के दौरान गैसीय विनिमय की प्रक्रिया **नहीं** होती है?

(a) केंचुओं की त्वचा

(b) मनुष्यों की श्वसनिकाएँ

(c) पाइला के क्लोम (गिल)

(d) मनुष्यों की वायुकोष्ठिकाएँ (ऐल्वियोली)

91. Which of the following properties of alveoli is/are helpful in gaseous exchange during respiration in human beings?

I. The epithelial lining of alveoli is very thin.

II. Elastic fibres are present in alveolar wall.

III. Wall of alveoli is surrounded by many blood capillaries.

Select the correct answer using the code given below.

(a) I and II only

(b) I and III only

(c) III only

(d) I, II and III

92. In which one of the following groups of animals, oestrus cycle is ***not*** observed?

(a) Cows

(b) Monkeys

(c) Rats

(d) Tigers

93. Which one of the following tissues in plants is usually without protoplast and regarded as dead cells?

(a) Collenchyma

(b) Parenchyma

(c) Sclerenchyma

(d) Xylem parenchyma

94. In which cell does the first meiotic cell division take place during the process of spermatogenesis?

(a) Spermatogonium

(b) Primary spermatocyte

(c) Secondary spermatocyte

(d) Sertoli cell

95. Consider the following statements in respect of cell and its structure :

I. All cells possess cell wall.

II. All cells have ribosomes present inside.

III. All cells have well-organized nucleus.

IV. All cells have linear DNA molecules present in them.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) II and III

(b) II only

(c) II and IV

(d) I and III

96. Which part of the plant or flower contributes in the form of false fruit like apple?

(a) Petal

(b) Sepal

(c) Stamen

(d) Thalamus

97. In which of the following parts of organisms, the process of gaseous exchange during respiration does ***not*** take place?

(a) Skin of earthworms

(b) Bronchi of humans

(c) Gills of Pila

(d) Alveoli of humans

98. बीजांड के निम्नलिखित भागों में से किस एक में आरक्षित भोजन होता है?

(a) अध्यावरण

(b) बीजांड-वृंत

(c) निभाग (कैलाजा)

(d) बीजांडकाय

99. मानव फेफड़े के निम्नलिखित श्वसनीय आयतनों में से कौन-सा एक न्यूनतम है?

(a) अवशिष्ट आयतन

(b) ज्वारीय (टाइडल) आयतन

(c) श्वसन आरक्षित आयतन

(d) निश्वासी आरक्षित आयतन

100. निम्नलिखित वाल्वों में से कौन-सा एक दाएँ निलय (वेंट्रिकल) और फुफ्फुसीय धमनी के बीच द्वार की रक्षा करता है?

(a) द्विवलनी (बाइकस्पिड) वाल्व

(b) अर्धचंद्र (सेमिलुनर) वाल्व

(c) द्विकपर्द (मिट्रल) वाल्व

(d) त्रिवलन (ट्राइकस्पिड) वाल्व

101. निम्नलिखित में से कौन-सी एक भारत की वर्षा-आधारित क्षेत्र विकास (RAD) योजना की रणनीति **नहीं** है?

(a) विविधीकृत कृषि

(b) मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन

(c) समूह (क्लस्टर) आधारित दृष्टिकोणों का अनुकूलन

(d) नहर सिंचाई को अनुकूलतम बनाना

102. कामराजार पत्तन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह एक निगमीकृत सार्वजनिक कंपनी का उदाहरण है।

II. यह पहले एनोर पत्तन के नाम से जाना जाता था।

III. यह एक प्राकृतिक पत्तन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) I, II और III

103. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. बुनियादी तौर पर भूकंपीय तरंगें दो प्रकार की हैं—काय तरंगें व पृष्ठीय तरंगें।

II. काय तरंगों एवं पृष्ठ शैलों के मध्य अन्योन्यक्रिया के कारण पृष्ठीय तरंगें उत्पन्न होती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) I और II दोनों

(d) न तो I और न ही II

98. Which one of the following parts of an ovule possesses reserve food?

(a) Integument

(b) Funicle

(c) Chalaza

(d) Nucellus

99. Which one of the following respiratory volumes of human lung is the lowest?

(a) Residual volume

(b) Tidal volume

(c) Inspiratory reserve volume

(d) Expiratory reserve volume

100. Which one of the following valves guards the opening between the right ventricle and the pulmonary artery?

(a) Bicuspid valve

(b) Semilunar valve

(c) Mitral valve

(d) Tricuspid valve

101. Which one of the following is ***not*** a strategy in the Rainfed Area Development (RAD) scheme of India?

(a) Diversified farming

(b) Soil health management

(c) Adaptation of cluster-based approaches

(d) Optimizing canal irrigation

102. Consider the following statements about Kamarajar Port :

I. It is an example of corporatized public company.

II. It was earlier known as Ennore Port.

III. It is a natural port.

Which of the statements given above are correct?

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) I, II and III

103. Consider the following statements :

I. Earthquake waves are basically of two types, namely body waves and surface waves.

II. The body waves interact with the surface rocks and generate surface waves.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) I only

(b) II only

(c) Both I and II

(d) Neither I nor II

104. भू-पर्पटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. महाद्वीपीय पर्पटी वलित पर्वतों के नीचे अपेक्षाकृत पतली है।

II. महासागरीय पर्पटी की औसत मोटाई 30 km है।

III. भू-पर्पटी की प्रकृति भंगुर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल I

(b) I और II

(c) केवल III

(d) I और III

105. निम्नलिखित में से कौन-से मिश्रित ज्वालामुखियों से संबंधित हैं?

I. ये विस्फोटक उद्‌भेदन को अंजाम देते हैं।

II. ये ज्वलखंडाश्मी (पाइरोक्लास्टिक) पदार्थ निकालते हैं।

III. ज्वलखंडाश्मी (पाइरोक्लास्टिक) पदार्थ व राख निकास के समीप परतों का निर्माण करते हुए संचित हो जाते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) I, II और III

106. अदृढ़ अवसाद किस प्रक्रिया के द्वारा अवसादी शैल में रूपांतरित हो जाते हैं?

(a) शिलीभवन

(b) अपक्षय

(c) बृहत् क्षरण

(d) मृदासर्पण

107. तापमान व्युत्क्रमण से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह तब होता है जब सामान्य ह्रास दर उलट जाती है।

II. मेघमय आकाश वाली सर्दी की रातें तापमान व्युत्क्रमण के लिए अनुकूल होती हैं।

III. ध्रुवीय क्षेत्र वर्ष भर व्युत्क्रमण का अनुभव करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) I, II और III

108. बहिरुष्णकटिबंधीय चक्रवातों (एक्स्ट्राट्रॉपिकल साइक्लोन) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. ये सामान्यतः मध्य व उच्च अक्षांशों में विकसित होते हैं।

II. उष्णकटिबंधीय चक्रवात की तुलना में ये अधिक बड़े क्षेत्र को प्रभावित करते हैं।

III. ये पूर्व से पश्चिम दिशा में चलते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) I, II और III

109. भारत में निम्नलिखित में से कहाँ 50 cm से कम औसत वार्षिक वर्षा होती है, जो अधिकतम अपर्याप्तता दर्शाती है?

(a) मध्य प्रदेश

(b) हरियाणा

(c) लद्दाख

(d) झारखंड

110. भारत के भू-राजस्व अभिलेखों द्वारा अपनाए गए भू-उपयोग वर्गीकरण के अनुसार "एक कृषियोग्य भूमि जो एक वर्ष से अधिक, लेकिन 5 वर्षों से कम समय तक कृषिरहित रहती है" उसे क्या कहते हैं?

(a) वर्तमान परती भूमि

(b) वर्तमान परती भूमि के अतिरिक्त परती भूमि

(c) बंजर भूमि

(d) कृषियोग्य व्यर्थ भूमि

104. Consider the following statements regarding the Earth's crust :

I. The continental crust is thinner under fold mountains.

II. The mean thickness of ocean crust is 30 km.

III. The Earth's crust is brittle in nature.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) I only

(b) I and II

(c) III only

(d) I and III

105. Which of the following are associated with composite volcanoes?

I. They result in explosive eruptions.

II. They eject pyroclastic materials.

III. Pyroclastic materials and ashes accumulate near the vent, forming layers.

Select the correct answer using the code given below.

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) I, II and III

106. Loose sediments are transformed into sedimentary rocks by the process of

(a) lithification

(b) weathering

(c) mass wasting

(d) solifluction

107. Consider the following statements about temperature inversion :

I. This happens when normal lapse rate gets inverted.

II. Winter nights with cloudy skies are conducive for temperature inversion.

III. Polar areas experience inversion throughout the year.

Which of the statements given above are correct?

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) I, II and III

108. Consider the following statements regarding extratropical cyclones :

I. They usually develop in the mid and high latitudes.

II. They affect a much larger area as compared to tropical cyclone.

III. They move from east to west.

Which of the statements given above are correct?

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) I, II and III

109. Which one of the following receives an average annual rainfall of below 50 cm in India, indicating highest inadequacy?

(a) Madhya Pradesh

(b) Haryana

(c) Ladakh

(d) Jharkhand

110. As per the land-use categories in the Land Revenue Records of India, "a cultivable land which is left uncultivated for more than a year but less than 5 years" is called

(a) current fallow

(b) fallow, other than current fallow

(c) barren land

(d) culturable wasteland

111. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

रासायनिक अपक्षय के प्रकार	विशेषताएँ
I. विलयन	परिणामस्वरूप खनिजों का निक्षालन
II. कार्बोनेशन	फेल्ड्स्पार को तोड़ने में सहायक
III. जलयोजन	शैलों के आयतन में वृद्धि का कारण
IV. ऑक्सीकरण	शैलों के रंग में परिवर्तन का कारक

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) सभी चार

112. कार्ट्जाइट निम्नलिखित शैलों में से किस एक से रूपांतरित है?

(a) पेग्माटाइट

(b) चूना-पत्थर

(c) बलुआ पत्थर

(d) शेल

113. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. भूकंपलेखी यंत्र में P तरंगें S तरंगों से पहले अभिलेखित होती हैं।

II. P तरंगों में अलग-अलग कण तरंगों के संचरण की दिशा में आगे-पीछे कंपन करते हैं, जबकि S तरंगों में कण तरंगों के संचरण की दिशा से समकोण पर ऊपर-नीचे कंपन करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) I और II दोनों

(d) न तो I और न ही II

114. अवकेंद्र से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह वह बिंदु है जहाँ से ऊर्जा निकलती है और भूकंप का उद्गम केंद्र कहलाता है।

II. यह वह बिंदु है जहाँ से भूकंप आरंभ होता है और यह पृथ्वी के अंदर कई किलोमीटर गहरा हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) I और II दोनों

(d) न तो I और न ही II

115. निम्नलिखित क्रांतिक खनिजों पर विचार कीजिए :

I. नियोडाइमियम

II. टेल्यूरियम

III. डिस्प्रोसियम

IV. गैलियम

उपर्युक्त खनिजों में से कौन-से खनिज सौर पैनलों में प्रयोग किए जाने वाले प्रकाश-वोल्टीय सेल के उत्पादन में प्रयोग **नहीं** किए जाते?

(a) I और IV

(b) II और III

(c) I और III

(d) II और IV

116. निम्नलिखित में से कौन-सी पवन दक्षिणी कैलिफोर्निया में दावानल के लिए उत्तरदायी है?

(a) डियाब्लो पवन

(b) चिनूक पवन

(c) सांता आना पवन

(d) जर्बो गैप पवन

117. निम्नलिखित में से कौन-सा एक दर्रा (पास) अरुणाचल प्रदेश में **नहीं** है?

(a) कुमजांग दर्रा

(b) यांग्याप दर्रा

(c) मूलिंग ला

(d) बोमडि ला

111. Consider the following pairs :

Types of Chemical Weathering	*Characteristics*
I. Solution	Results in leaching of minerals
II. Carbonation	Helps in breaking down feldspars
III. Hydration	Causes an increase in the volume of rocks
IV. Oxidation	Changes the colour of rocks

How many pairs given above are correctly matched?

(a) One

(b) Two

(c) Three

(d) All the four

112. Quartzite is metamorphosed from which one of the following rocks?

(a) Pegmatite

(b) Limestone

(c) Sandstone

(d) Shale

113. Consider the following statements :

I. In a seismograph, P waves are recorded earlier than S waves.

II. In P waves, the individual particles vibrate to and fro in the direction of wave propagation whereas in S waves, the particles vibrate up and down at right angles to the direction of wave propagation.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) I only

(b) II only

(c) Both I and II

(d) Neither I nor II

114. Consider the following statements regarding hypocentre :

I. It is the point where the energy is released and is called the focus of an earthquake.

II. It is the point where the earthquake starts and may be many kilometers deep within the Earth.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) I only

(b) II only

(c) Both I and II

(d) Neither I nor II

115. Consider the following critical minerals :

I. Neodymium

II. Tellurium

III. Dysprosium

IV. Gallium

Which of the above minerals are ***not*** used for the production of photovoltaic cells used in solar panels?

(a) I and IV

(b) II and III

(c) I and III

(d) II and IV

116. Which one of the following winds is responsible for wildfires in Southern California?

(a) Diablo wind

(b) Chinook wind

(c) Santa Ana wind

(d) Jarbo Gap wind

117. Which one of the following is ***not*** a pass of Arunachal Pradesh?

(a) Kumjawng Pass

(b) Yonggyap Pass

(c) Muling La

(d) Bomdi La

118. माउंट इबू, जिसमें हाल में इंडोनेशिया में उद्‌भेद हुआ है, क्या है?

(a) विशल्क (शील्ड) ज्वालामुखी

(b) मिश्रित ज्वालामुखी

(c) ज्वालामुखी गुंबद

(d) सिंडर शंकु

119. पार्थिव ग्रहों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. बुध, शुक्र, पृथ्वी और मंगल पार्थिव ग्रह हैं, जिनका अन्य ग्रहों की तुलना में घनत्व कम है।

II. ये सूर्य और क्षुद्रग्रहों की पट्टी के बीच में स्थित हैं।

III. इनका निम्न गुरुत्व गैसों को पलायन से रोक सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) I और II

(b) II और III

(c) I और III

(d) केवल II

120. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

वायुमंडल की परतें	विशेषताएँ
I. क्षोभमंडल	पराबैंगनी विकिरणों को अवशोषित कर लेता है
II. समतापमंडल	मौसम और जलवायु में परिवर्तन का कारक
III. मध्यमंडल	रेडियो तरंगों को पृथ्वी पर वापस परावर्तित करता है

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) कोई भी नहीं

(b) एक

(c) दो

(d) सभी तीन

121. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

पुस्तक	लेखक
I. *दायभाग*	जीमूतवाहन
II. *पृथ्वीराज रासो*	चंदबरदाई
III. *लीलावती*	भास्कराचार्य
IV. *मिताक्षरा*	विज्ञानेश्वर

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) सभी चार

122. निम्नलिखित को प्रारंभिक से आधुनिक तक के कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी का संगठन

II. मैगलन द्वारा भूमंडल का परिनौसंचालन

III. डच ईस्ट इंडिया कम्पनी का संगठन

IV. वास्को द गामा का कालीकट/कोझिकोड पहुँचना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) IV, I, II, III

(b) IV, II, I, III

(c) II, IV, III, I

(d) II, IV, I, III

123. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

आविष्कार	आविष्कारक
I. उड़न तुरी करघा	जॉन के
II. वॉटर फ्रेम	जेम्स हरग्रीव्ज़
III. कताई मशीन (जेनी)	रिचर्ड आर्कराइट

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) एक

(b) दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं

118. Mount Ibu, which recently erupted in Indonesia, is a

(a) shield volcano

(b) composite volcano

(c) volcanic dome

(d) cinder cone

119. Consider the following statements in case of terrestrial planets :

I. Mercury, Venus, Earth and Mars are terrestrial planets having low densities as compared to other planets.

II. They lie between the Sun and the belt of asteroids.

III. Their lower gravity can hold the escaping gases.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) I and II

(b) II and III

(c) I and III

(d) II only

120. Consider the following pairs :

Layers of Atmosphere	*Characteristics*
I. Troposphere	Absorbs ultraviolet radiation
II. Stratosphere	Changes in weather and climate
III. Mesosphere	Reflects radio waves back to the Earth

How many of the pairs given above are correctly matched?

(a) None

(b) One

(c) Two

(d) All the three

121. Consider the following pairs :

	Books	*Authors*
I.	*Dayabhaga*	Jimutavahana
II.	*Prithviraj Raso*	Chandbardai
III.	*Lilavati*	Bhaskaracharya
IV.	*Mitakshara*	Vijnaneshvara

How many pairs given above are correctly matched?

(a) One

(b) Two

(c) Three

(d) All the four

122. Arrange the following in chronological order from the earliest to recent :

I. British East India Company formed

II. Magellan circumnavigated the globe

III. Dutch East India Company formed

IV. Vasco da Gama reached Calicut/ Kozhikode

Select the correct answer using the code given below.

(a) IV, I, II, III

(b) IV, II, I, III

(c) II, IV, III, I

(d) II, IV, I, III

123. Consider the following pairs :

	Inventions	*Inventors*
I.	Flying shuttle loom	John Kay
II.	Water frame	James Hargreaves
III.	Spinning jenny	Richard Arkwright

How many of the pairs given above are correctly matched?

(a) One

(b) Two

(c) All the three

(d) None

124. रौलेट अधिनियम, 1919 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. गाँधीजी ने प्रस्तावित रौलेट अधिनियम, 1919 के विरोध में राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह आरंभ किया।

II. भारतीय सदस्यों के विरोध के बावजूद इस अधिनियम को शाही विधान परिषद् (इम्पेरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल) द्वारा जल्दबाजी में पारित किया गया था।

III. इस अधिनियम ने सरकार को राजनीतिक गतिविधियों के दमन हेतु अत्यधिक शक्ति प्रदान की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल I

(b) केवल III

(c) केवल I और II

(d) I, II और III

125. ब्रिटेन में औद्योगिक क्रांति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. उद्योगों की स्थापना हेतु धन उधार देने के लिए बैंकों की उपलब्धता थी।

II. एक अच्छा परिवहन नेटवर्क था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) I और II दोनों

(d) न तो I और न ही II

126. रूसी क्रांति से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. 'खूनी रविवार' के नाम से जाने गए प्रसंग ने 1905 की उस क्रांति को जन्म दिया जिससे घटनाओं की एक शृंखला की शुरुआत हुई।

II. वकीलों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और अन्य मध्यमवर्गीय कामगारों ने संविधान सभा के गठन की माँग करते हुए यूनियन ऑफ यूनियन्स की स्थापना कर दी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) I और II दोनों

(d) न तो I और न ही II

127. इनमें से किसने सेना संचलन को सुकर बनाने के लिए भारत में आरंभिक रेलवे के निर्माण की वकालत की?

(a) लॉर्ड डलहौज़ी

(b) लॉर्ड लिटन

(c) विंस्टन चर्चिल

(d) लॉर्ड वेलेज़ली

128. मोहनजोदड़ो के महास्नानघर को जलापूर्ति करने वाला बड़ा कूप कहाँ स्थित था?

(a) कुंड की जल-निकासी के समीप

(b) सीढ़ियों में से एक के शीर्ष पर

(c) पूर्वी दिशा में संलग्न कमरों में से एक में

(d) कुंड की तलहटी में एक कोने पर

124. Consider the following statements in respect of the Rowlatt Act of 1919 :

I. Gandhiji launched a nationwide Satyagraha against the proposed Rowlatt Act, 1919.

II. The Act had been hurriedly passed through the Imperial Legislative Council despite the opposition of Indian members.

III. The Act gave the Government enormous powers to repress political activities.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) I only

(b) III only

(c) I and II only

(d) I, II and III

125. Consider the following statements regarding the Industrial Revolution in Britain :

I. There was availability of banks which could loan money to set up industries.

II. There was a good transport network.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) I only

(b) II only

(c) Both I and II

(d) Neither I nor II

126. Consider the following statements regarding the Russian Revolution :

I. The incident known as 'Bloody Sunday' started a series of events known as the 1905 Revolution.

II. Lawyers, doctors, engineers and other middle-class workers established the Union of Unions and demanded a Constituent Assembly.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) I only

(b) II only

(c) Both I and II

(d) Neither I nor II

127. Who among the following advocated the construction of initial railways in India for facilitating army movement?

(a) Lord Dalhousie

(b) Lord Lytton

(c) Winston Churchill

(d) Lord Wellesley

128. The large well supplying water to the Great Bath of Mohenjo-daro was located

(a) near the drain of the tank

(b) at the top of one of the staircases

(c) in one of the adjoining rooms on the eastern side

(d) at the bottom of the tank in a corner

129. यदि आप विख्यात जैन तीर्थ स्थानों को देखना चाहते हैं, तो आपको निम्नलिखित में से किन नगरों की यात्रा करनी पड़ेगी?

I. मूडबिद्री

II. मदुरै

III. सोनागिरी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल I और II

(b) केवल I और III

(c) केवल II और III

(d) I, II और III

130. हड़प्पा सभ्यता के नगरों में मनका उत्पादन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. मनकों के निर्माण में प्रयुक्त पदार्थों में कार्नेलियन, स्फटिक और सेलखड़ी सम्मिलित थे।

II. मनके बेलनाकार, ढोलाकार और चक्राकार थे।

III. मनकों के आर-पार छेद करने के लिए विशेष प्रकार का प्रस्तर बरमा उपयोग में लाया जाता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) I, II और III

131. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. द्वितीय पंचवर्षीय योजना ने ऐसे विकास को प्रोत्साहन दिया जिससे भारत में समाजवादी अभिरचना का समाज स्थापित हो।

II. 1966 और 1969 के मध्य तीन वार्षिक योजनाएँ तैयार की गई थीं।

III. भारत की स्वतंत्रता के 60वें वर्ष में नियत समय पर नवम पंचवर्षीय योजना प्रारंभ नहीं हो सकी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल I और II

(b) केवल I और III

(c) केवल II और III

(d) I, II और III

132. भारत के संविधान के संदर्भ में भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (CAG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. CAG की नियुक्ति भारत का राष्ट्रपति करेगा।

II. CAG अपने कार्यकाल की समाप्ति पर भारत सरकार में किसी अन्य पद पर नियुक्ति के योग्य नहीं है।

III. CAG के संघ के लेखा-संबंधी प्रतिवेदन प्रधानमंत्री को सौंपे जाएँगे, जो उनको लोक सभा के पटल पर रखेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल I और III

(d) I, II और III

129. If you like to visit famous Jain pilgrimage sites, which of the following towns you will have to travel to?

I. Moodabidri

II. Madurai

III. Sonagiri

Select the correct answer using the code given below.

(a) I and II only

(b) I and III only

(c) II and III only

(d) I, II and III

130. Consider the following statements with regard to bead production in Harappan towns :

I. The materials used to make beads included carnelian, quartz and steatite.

II. The beads were cylindrical, barrel-shaped and disc-shaped.

III. Specialized stone drills were used for making holes through the beads.

Which of the statements given above are correct?

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) I, II and III

131. Consider the following statements :

I. The Second Five-Year Plan sought to promote development which would establish socialistic pattern of society in India.

II. Between 1966 and 1969, three Annual Plans were formulated.

III. The Ninth Five-Year Plan could not take off at its stipulated time in the 60th year of India's Independence.

Which of the statements given above are correct?

(a) I and II only

(b) I and III only

(c) II and III only

(d) I, II and III

132. With reference to the Constitution of India, consider the following statements about the Comptroller and Auditor General (CAG) of India :

I. The CAG shall be appointed by the President of India.

II. The CAG is not eligible for further office under the Government of India after he has ceased to hold his office.

III. The reports of the CAG relating to the accounts of the Union shall be submitted to the Prime Minister who shall cause them to be laid before the House of the People.

Which of the statements given above are correct?

(a) I and II only

(b) II and III only

(c) I and III only

(d) I, II and III

133. निम्नलिखित पदों पर विचार कीजिए :

I. भारत का उप-राष्ट्रपति

II. अपने राज्यों में राज्यपाल

III. भारत का प्रधानमंत्री

IV. लोक सभा का अध्यक्ष

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इन पदों का समारोह के अवसरों के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित वरीयता तालिका में सही क्रम दर्शाता है?

(a) III, I, II, IV

(b) I, III, II, IV

(c) I, III, IV, II

(d) III, I, IV, II

134. भारत के संविधान के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

I. भाग IX A : नगरपालिकाएँ

II. भाग IX B : सहकारी समितियाँ

III. भाग X : संघ और राज्यों के बीच संबंध

IV. भाग XII : वित्त, संपत्ति, संविदाएँ और वाद

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) सभी चार

135. संयुक्त राष्ट्र (UN) के सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

I. लक्ष्य 1 : अपने सभी प्रकारों में सर्वत्र निर्धनता का उन्मूलन

II. लक्ष्य 2 : स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करना

III. लक्ष्य 3 : गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना

IV. लक्ष्य 4 : लैंगिक समानता प्राप्त करना

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) सभी चार

136. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. धन विधेयक राज्य सभा में पुरःस्थापित नहीं किया जाएगा।

II. राज्य सभा के पास धन विधेयक को अस्वीकार करने की शक्ति नहीं है, परंतु वह इसमें सुधार/सुधारों का सुझाव दे सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) I और II दोनों

(d) न तो I और न ही II

137. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. भारत का संविधान उल्लेख करता है कि अध्यक्ष के पास दोनों सदनों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की शक्ति है।

II. सत्रावसान पर केवल अध्यक्ष ही है, जो सदनों का अधिवेशन बुला सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) I और II दोनों

(d) न तो I और न ही II

133. Consider the following offices :

I. The Vice President of India

II. The Governors within their respective States

III. The Prime Minister of India

IV. The Speaker of the Lok Sabha

Which one of the following options represents the correct order of these offices for ceremonial occasions in the Table of Precedence as approved by the President of India?

(a) III, I, II, IV

(b) I, III, II, IV

(c) I, III, IV, II

(d) III, I, IV, II

134. Consider the following pairs with reference to the Constitution of India :

I. Part IX A : The Municipalities

II. Part IX B : The Cooperative Societies

III. Part X : Relations between the Union and States

IV. Part XII : Finance, Property, Contracts and Suits

How many of the pairs given above are correctly matched?

(a) One

(b) Two

(c) Three

(d) All the four

135. Consider the following pairs related to the United Nations (UN) Sustainable Development Goals :

I. Goal 1 : End poverty in all forms everywhere

II. Goal 2 : Ensure healthy lives

III. Goal 3 : Ensure quality education

IV. Goal 4 : Achieve gender equality

How many of the pairs given above are correctly matched?

(a) One

(b) Two

(c) Three

(d) All the four

136. Consider the following statements :

I. A Money Bill shall not be introduced in the Rajya Sabha.

II. The Rajya Sabha has no power to reject a Money Bill but can suggest amendment(s).

Which of the statements given above is/are correct?

(a) I only

(b) II only

(c) Both I and II

(d) Neither I nor II

137. Consider the following statements :

I. The Constitution of India mentions that the Speaker has the power to adjourn both the Houses sine die.

II. On prorogation, it is only the Speaker who can summon the Houses.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) I only

(b) II only

(c) Both I and II

(d) Neither I nor II

138. संयुक्त राष्ट्र (UN) के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

संयुक्त राष्ट्र शांति-स्थापना कार्रवाई	देश
I. UNMOGIP	भारत और पाकिस्तान
II. UNFICYP	साइप्रस
III. UNMIK	कोसोवो
IV. UNTSO	हैती

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) सभी चार

139. भारत में उच्च न्यायालयों के प्रादेशिक अधिकार-क्षेत्रों के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

उच्च न्यायालय	प्रादेशिक अधिकार-क्षेत्र
I. कलकत्ता उच्च न्यायालय	लक्षद्वीप
II. मद्रास उच्च न्यायालय	पुडुचेरी
III. गुवाहाटी उच्च न्यायालय	मणिपुर
IV. केरल उच्च न्यायालय	अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) सभी चार

140. भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त को उसके पद से उसी रीति से और उन्हीं आधारों पर ही हटाया जाएगा जिससे _____ को हटाया जा सकता है।

(a) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश

(b) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

(c) लोक सभा के अध्यक्ष

(d) राज्य के राज्यपाल

141. भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

I. ब्रह्मोस क्रूज़ मिसाइल प्रणाली भारत के DRDO और रूस के NPO माशिनोस्ट्रोयिनिया (NPOM) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई है।

II. 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अंतर्गत इंडो-रूस राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (IRRPL) संयुक्त उद्यम का उत्पादन स्थल मध्य प्रदेश के कोरवा में है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए।

(a) केवल I

(b) केवल II

(c) I और II दोनों

(d) न तो I और न ही II

142. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विभाग गृह मंत्रालय के अंतर्गत **नहीं** है?

(a) राज्य विभाग

(b) राजभाषा विभाग

(c) सीमा प्रबंधन विभाग

(d) पेयजल और स्वच्छता विभाग

143. अटल इनोवेशन मिशन (AIM) किसके द्वारा स्थापित किया गया है?

(a) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार

(b) नीति आयोग

(c) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार

(d) कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

138. With reference to the United Nations (UN), consider the following pairs :

United Nations Peacekeeping Operations	*Countries*
I. UNMOGIP	India and Pakistan
II. UNFICYP	Cyprus
III. UNMIK	Kosovo
IV. UNTSO	Haiti

How many of the pairs given above are correctly matched?

(a) One
(b) Two
(c) Three
(d) All the four

139. With reference to the territorial jurisdictions of High Courts in India, consider the following pairs :

High Courts	*Territorial Jurisdictions*
I. Calcutta High Court	Lakshadweep
II. Madras High Court	Puducherry
III. Gauhati High Court	Manipur
IV. Kerala High Court	Andaman and Nicobar Islands

How many of the pairs given above are correctly matched?

(a) One
(b) Two
(c) Three
(d) All the four

140. As per Article 324 of the Constitution of India, the Chief Election Commissioner shall not be removed from his office except in like manner and on the like grounds as

(a) a Judge of the Supreme Court
(b) a Judge of a High Court
(c) the Speaker of the Lok Sabha
(d) the Governor of a State

141. With reference to defence cooperation between India and Russia, which of the following statements is/are correct?

I. BrahMos Cruise Missile system is jointly developed by India's DRDO and Russia's NPO Mashinostroyeniya (NPOM).
II. The production site of the Indo-Russia Rifles Private Limited (IRRPL) joint venture is in Korwa, Madhya Pradesh under the 'Atmanirbhar Bharat' initiative.

Select the answer using the code given below.

(a) I only
(b) II only
(c) Both I and II
(d) Neither I nor II

142. Which one among the following Departments is ***not*** under the Ministry of Home Affairs?

(a) The Department of States
(b) The Department of Official Language
(c) The Department of Border Management
(d) The Department of Drinking Water and Sanitation

143. The Atal Innovation Mission (AIM) is set up by the

(a) Department of Science and Technology, Government of India
(b) NITI Aayog
(c) Ministry of Statistics and Programme Implementation, Government of India
(d) Ministry of Corporate Affairs, Government of India

144. निम्नलिखित में से किस नगर को यूनेस्को (UNESCO) द्वारा 2025 में क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी घोषित किया गया है?

(a) आगरा

(b) लखनऊ

(c) इंदौर

(d) लुधियाना

145. निम्नलिखित में से किस एक उद्योग से पी० एम० मित्र पार्क संबंधित हैं?

(a) मोटरगाड़ी

(b) जहाज-निर्माण

(c) वस्त्र

(d) मृद्भांड

146. निम्नलिखित में से कौन-सा एक देश 2025 में आसियान (ASEAN) का 11वाँ सदस्य बना?

(a) तिमोर-लेस्ते

(b) वियतनाम

(c) ब्रुनेई

(d) कम्बोडिया

147. निम्नलिखित में से कौन 2024–2025 रणजी ट्रॉफ़ी का विजेता है?

(a) विदर्भ

(b) केरल

(c) कर्नाटक

(d) सौराष्ट्र

148. वर्ष 2025 के शहरीकरण की डिग्री की परिभाषाओं के अनुसार, जनसंख्या के घटते क्रम में नगरों के सही सेट को चुनिए।

(a) टोक्यो, ढाका, मनीला, नई दिल्ली, जकार्ता

(b) जकार्ता, ढाका, टोक्यो, नई दिल्ली, मनीला

(c) टोक्यो, मनीला, ढाका, जकार्ता, नई दिल्ली

(d) जकार्ता, टोक्यो, ढाका, नई दिल्ली, मनीला

149. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

I. हैती

II. फिलीपींस

III. निकारागुआ

IV. भारत

जलवायु जोखिम सूचकांक (इंडेक्स) 2026 के अनुसार, वर्ष 1995–2024 के दौरान उपर्युक्त में से कौन-से देश आवर्ती चरम घटनाओं से प्रभावित थे?

(a) केवल I और III

(b) केवल II और IV

(c) केवल I, II और IV

(d) I, II, III और IV

150. सूची–I का सूची–II से मिलान कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची–I (भारत सरकार द्वारा चलाए गए बचाव अभियान)	**सूची–II (देश)**
A. ऑपरेशन कावेरी	I. इज़राइल
B. ऑपरेशन इंद्रावती	II. हैती
C. ऑपरेशन अजय	III. यूक्रेन
D. ऑपरेशन गंगा	IV. सूडान

कूट :

(a)	A	B	C	D
	III	II	I	IV
(b)	A	B	C	D
	III	I	II	IV
(c)	A	B	C	D
	IV	II	I	III
(d)	A	B	C	D
	IV	I	II	III

144. Which one amongst the following cities has been designated as the UNESCO Creative City of Gastronomy in 2025?

(a) Agra

(b) Lucknow

(c) Indore

(d) Ludhiana

145. PM MITRA Parks relate to which one of the following industries?

(a) Automobile

(b) Shipbuilding

(c) Textile

(d) Pottery

146. Which one of the following countries became the 11th member of ASEAN in 2025?

(a) Timor-Leste

(b) Vietnam

(c) Brunei

(d) Cambodia

147. Who among the following is the winner of the 2024–2025 Ranji Trophy?

(a) Vidarbha

(b) Kerala

(c) Karnataka

(d) Saurashtra

148. Choose the correct set of the following cities in descending order (according to the Degree of Urbanization definitions in 2025) in terms of population.

(a) Tokyo, Dhaka, Manila, New Delhi, Jakarta

(b) Jakarta, Dhaka, Tokyo, New Delhi, Manila

(c) Tokyo, Manila, Dhaka, Jakarta, New Delhi

(d) Jakarta, Tokyo, Dhaka, New Delhi, Manila

149. Consider the following countries :

I. Haiti

II. Philippines

III. Nicaragua

IV. India

According to the Climate Risk Index 2026, which of the above countries were affected by recurring extreme events during 1995–2024?

(a) I and III only

(b) II and IV only

(c) I, II and IV only

(d) I, II, III and IV

150. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (Rescue Operations carried out by the Government of India)	*List–II (Countries)*
A. Operation Kaveri	I. Israel
B. Operation Indravati	II. Haiti
C. Operation Ajay	III. Ukraine
D. Operation Ganga	IV. Sudan

Code :

	A	B	C	D
(a)	III	II	I	IV
(b)	III	I	II	IV
(c)	IV	II	I	III
(d)	IV	I	II	III

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

★★★

DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

T.B.C. : NPSS–B–TGA **Test Booklet Series**

A

Serial No. 1295461

TEST BOOKLET

GENERAL ABILITY TEST

Time Allowed : Two Hours and Thirty Minutes **Maximum Marks : 600**

INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **150** items (questions) in two Parts : **PART—A** and **PART—B**. ***Each item in PART—B is printed both in Hindi and English.*** Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY THE CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर छपा है।